# ऑनलाइन प्रवेश आवेदन करने हेतु निर्देश

A. **फॉर्म भरने से पहले निम्न जानकारी आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेवें:**

1. जिस महाविद्यालय / कोर्स में आवेदन करना चाहते हैं उससे सम्बंधित ऐच्छिक विषय / विषय संयोजन की महाविद्यालय के dce.rajasthan.gov.in पर एडमिशन वेब पेज से जानकारी प्राप्त करें। अपनी प्राथमिकता अनुसार कम से कम 5 विषय संयोजन फॉर्म भरने से पहले निर्धारित करलें ।
2. प्रवेश नीति 2016-17 (Admission Home page पर उपलब्ध) का भली भांति अध्ययन कर लें । प्रवेश की पात्रता, रियायत एवं बोनस सम्बन्धी नियमों का अध्ययन कर लें जिससे आवेदन करने में कठिनाई/गलती न हो ।

**B. स्नातक पार्ट प्रथम व स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थी निम्न सामग्री/ दस्तावेज/ सूचनाएं अपने साथ रखें :**

**1.स्कैन कर अपलोड करने हेतु**

I. पासपोर्ट साइज़ रंगीन फोटो जो 6 माह से अधिक पुरानी नहीं हो (50KB से 100KB तक)

II. काले रंग के बॉलपेन से सफ़ेद कागज़ पर किये गए आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर (20 KB से 50 KB तक)

III. अनुसूचित जाति (SC ), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा गैर चिकनी परत (Non-Creamy Layer) अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) व विशेष पिछड़ा वर्ग (SBC) का जाति प्रमाण पत्र (जिन अभ्यर्थियों पर लागु होता है) (250 KB से 500 KB तक)

**नोट: गैर चिकनी परत (Non-Creamy Layer) का होने सम्बन्धी OBC व SBC प्रमाण पत्र फॉर्म भरने की तिथि को एक वर्ष तक का मान्य है। एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष की अवधि के Non-Creamy Layer प्रमाण पत्र होने पर Admission Page पर उपलब्ध Schedule- ङ डाउनलोड कर भरा हुआ अपलोड करना है।**

IV. यदि प्रवेश नीति के **षष्ठम भाग** में उल्लेखित बिन्दुओं के अनुसार रियायत / बोनस चाहतें है तो तत्संबंधी अधिकृत प्रमाण पत्र (250 KB से 500 KB तक)

**नोट: अ. प्रवेश नीति 2016-17 के बिंदु 6.7.1 से 6.7.10 के अनुसार किसी एक गतिविधि के बोनस अंक देय हैं ।**
**ब. अभ्यर्थी अधिकतम बोनस अंक वाली गतिविधि का चयन कर सम्बंधित प्रमाण पत्र ही अपलोड करें।**
**स. दिव्यांग/कश्मीर विस्थापित/रक्षाकर्मी रियायतों के लिए प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से अपलोड करें।**

(अ) **स्नातक पार्ट प्रथम** के लिए निम्न अभ्यर्थियों को अंकतालिका अपलोड करनी हैं**(250 KB से 500 KB तक)**:

| आवेदक श्रेणी | उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका जो अपलोड करनी है | विशेष निर्देश |
|---|---|---|
| वर्ष 2014 से पूर्व के वर्षों में अर्हकारी परीक्षा (XII) उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी (समस्त बोर्ड ) | XII<sup>th</sup> की | यदि पूरक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी है तो XII मुख्य परीक्षा जिसमें पूरक रहे व उत्तीर्ण पूरक परीक्षा दोनों की अंकतालिकाएं अलग-अलग jpg/jpeg फाइल बना कर अपलोड करें |
| माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान व CBSE बोर्ड के अतिरिक्त अन्य समस्त बोर्ड से(XII) उत्तीर्ण अभ्यर्थी | XII<sup>th</sup> की | यदि पूरक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी है तो XII मुख्य परीक्षा जिसमें पूरक रहे व उत्तीर्ण पूरक परीक्षा दोनों की अंकतालिकाएं अलग-अलग jpg/jpeg फाइल बना कर अपलोड करें |
| आईटीआई के साथ अंग्रेजी विषय उत्तीर्ण अभ्यर्थी | 1. आईटीआई की<br>2. बोर्ड(RBSE/RSOS) से अंग्रेजी विषय की | दोनों अंकतालिकाओं को अलग-अलग jpg/jpeg फाइल बना कर अपलोड करें |
| पोलिटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी | पोलिटेक्निक डिप्लोमा की | |
| प्रिपरेटरी कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी | प्रिपरेटरी कोर्स की | |
| वर्ष 2014,2015,2016 में राजस्थान बोर्ड व सीबीएसई (राजस्थान राज्य) से XII<sup>th</sup>उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो **"Other"** विकल्प से आवेदन करते हैं | XII<sup>th</sup> की | यदि पूरक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी है तो XII मुख्य परीक्षा जिसमें पूरक रहे व उत्तीर्ण पूरक परीक्षा दोनों की अंकतालिकाएं अलग-अलग jpg/jpeg फाइल बना कर अपलोड करें |

(ब) **स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध** में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास स्नातक स्तर पर आवेदित विषय रहा हो (उदाहरण के लिए BA में इतिहास विषय रहा है और MA पूर्वार्द्ध इतिहास के लिए प्रवेश के लिए आवेदन करता है ) तो पार्ट प्रथम, पार्ट द्वितीय व पार्ट तृतीय की अंकतालिकाएं अपलोड करनी है अन्यथा केवल स्नातक पार्ट तृतीय की अंकतालिका (250 KB से 500 KB तक) अपलोड करें।

A. **6 सेमिस्टर प्रणाली से उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) निम्नानुसार अपलोड करनी है : पार्ट I के लिए उपलब्ध विकल्प में प्रथम व द्वितीय सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर, पार्ट II के लिए उपलब्ध विकल्प में तृतीय व चतुर्थ सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर, पार्ट III के लिए उपलब्ध विकल्प में पांचवें व छटे सेमिस्टर की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर

B. **चार वर्षीय स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी** (स्नातक में आवेदित विषय होने पर) पार्ट III के लिए उपलब्ध बॉक्स में तीसरे व चौथे वर्ष की अंकतालिकाओं की एक फाइल बना कर अपलोड करें ।

C. आवेदन करते समय अर्हकारी (स्नातक) परीक्षा के संकाय और आवेदित कोर्स के संकाय के आधार पर उपलब्ध विकल्पों "Same Faculty" व "Other Faculty" में से एक विकल्प का चयन किया जाना है । विज्ञान संकाय में आवेदन के लिए अन्य संकाय के अभ्यर्थी आवेदन के लिए योग्य नहीं होने के कारण Other Faculty विकल्प उपलब्ध नहीं होगा ।

**"Same Faculty" के चयन के लिए**

1. M.A के लिए B.A., M.Com. के लिए B.Com., M.Sc. के लिए B.Sc. **समान (Same) Faculty** है ।
2. जिन स्नातकोत्तर कोर्सेज में प्रवेश के लिए स्नातक कक्षाओं में किसी ऐच्छिक विषय होने सम्बन्धी बाध्यता है, उन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थी सम्बंधित ऐच्छिक विषय होने पर **"Same Faculty"** का चयन कर आवेदन करें । जैसे M.Sc.(Maths) के लिए स्नातक स्तर पर गणित विषय होना आवश्यक है अतः B.A व B.Sc. में गणित विषय वाले अभ्यर्थी M.Sc.(Maths) में आवेदन करने पर **"Same Faculty"** वाले विकल्प से आवेदन करें ।

**"Other Faculty" के चयन के लिए**

M.A के लिए जिन विषयों में B.Sc.,B.Com. या अन्य स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं वे Other Faculty का चयन कर आवेदन करें। इसी प्रकार M.com. के लिए B.Sc.,B.A. या अन्य स्नातक कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थी **Other Faculty** का चयन कर आवेदन करें।

V. ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी द्वारा लिंग सम्बन्धी स्वघोषणा प्रमाण पत्र ( जहाँ लागू हो ) (250 KB से 500 KB तक)

**नोट: यदि अभ्यर्थी के पास अपलोड करने हेतु आवश्यक दस्तावेज पूर्व में ही सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध हैं, तो अपलोड में उपयोग कर सकते हैं।**

## 2. आवेदन पत्र में भरने के लिए वांछित सूचनाएं/ जानकारी

I. X एवं XII/अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिकाएं

II. मोबाइल नंबर- **अभ्यर्थी फॉर्म में ऐसा मोबाइल नंबर दें जिस पर महाविद्यालय द्वारा प्रेषित प्रवेश के SMS/ सूचना उसे मिल सके । ई-मित्र से फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर की जांच आवश्यक रूप से करलें।**

III. माता/पिता/संरक्षक का मोबाइल नंबर व लैंड लाइन नंबर

IV. पिता/परिवार की वार्षिक आय

V. यदि आपका बैंक खाता है तो खाता संख्या, बैंक का नाम, शाखा का नाम व IFSC कोड

VI. ईमेल आईडी , आधार नंबर, वोटर आईडी, भामाशाह कार्ड नंबर, बीपीएल (यदि हो तो)

## 3. स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के आवेदकों के लिए पाठ्यक्रमानुसार पात्रता शर्तें :

**विश्वविद्यालय क्षेत्र-I** :-राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, MDS विश्वविद्यालय अजमेर, राजर्षि भृतहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर, पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर, कोटा विश्वविद्यालय कोटा, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर

**विश्वविद्यालय क्षेत्र-II** :- जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर,

**विश्वविद्यालय क्षेत्र-III** :- मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर

| संकाय | स्नातकोत्तर कोर्स | **विश्वविद्यालय क्षेत्र-I** | | **विश्वविद्यालय क्षेत्र-II** | | **विश्वविद्यालय क्षेत्र-III** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अर्हकारी परीक्षा | न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत | अर्हकारी परीक्षा | न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत | अर्हकारी परीक्षा | न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत |
| कला | M.A. | B.A. | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| | | B.Com.या B.Sc.या अन्य स्नातक डिग्री | 55% कुल में | B.Com., B.Sc., अन्य स्नातक डिग्री | 55% कुल में | B.Com., B.Sc., अन्य स्नातक डिग्री | 48% कुल में |
| कला | M.A.(ड्राइंग &पेंटिंग) | B.A. (ड्राइंग &पेंटिंग विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. (ड्राइंग &पेंटिंग विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| कला | M.A.(संगीत) | B.A.*4(संगीत विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A.(संगीत विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| कला | M.A.(मनोविज्ञान) | B.A. या B.Sc. (मनोविज्ञान विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. या B.Sc. (मनोविज्ञान विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| कला | M.A.(भूगोल) | B.A. या B.Sc.(भूगोल विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. या B.Sc.(भूगोल विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| कला | M.A.(गृहविज्ञान) | B.A. या B.Sc. (गृहविज्ञान विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. या B.Sc. (गृहविज्ञान विषय के साथ) | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| कला | M.A.(कंप्यूटर विज्ञान) | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| वाणिज्य | M.Com. | B.Com. | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.Com. | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में | स्नातक उपाधि *2 | 48% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| | | B.A.*5या B.Sc.या अन्य स्नातक डिग्री | 55% कुल में | B.A.*1 (अर्थशास्त्र सहित) या BBA | 55% कुल में | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विज्ञान | M.Sc. | B.Sc. (सम्बंधित विषय*3 के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.Sc. (सम्बंधित विषय के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.Sc. (सम्बंधित विषय के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में |
| विज्ञान | M.Sc.(गणित) | B.A. या B.Sc.(गणित विषय के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. या B.Sc.(गणित विषय के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में | B.A. या B.Sc.(गणित विषय के साथ) | 55% कुल में या 55% आवेदित विषय में |

*1 - MCom (Accounting) के लिए लागू नहीं

*2 - MCom (ABST) के लिए BCom/ BBA आवश्यक

*3 – MDS विश्वविद्यालय अजमेर में MSc (Geology) में प्रवेश के लिए विज्ञान संकाय के समस्त विषय

*4 - कोटा विश्वविद्यालय के लिए स्नातक उपाधि

*5 - MDS विश्वविद्यालय अजमेर में MCom (Business Administration) में केवल BCom/BBA तथा MCom (ABST) में केवल BCom

नोट:

1. उत्तीर्णांक तक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं
2. राजस्थान राज्य से बाहर के अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी के लिए समस्त पाठ्यक्रमों के लिए 60% प्राप्तांक आवश्यक है चूँकि रिक्त स्थान रहने पर इन्हें 5% की छूट देय है अतः 55% प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए अनुमत हैं ।
3. सामान्य वर्ग के दिव्यांग (PH), कश्मीर विस्थापित अभ्यर्थियों के लिए सारणी में उल्लेखित न्यूनतम प्राप्तांक मानदंड में 3% की छूट देय है । अतः निर्धारित मानदंड से 3% कम प्राप्तांक वाले ऐसे अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।
4. स्थान रिक्त रहने पर महिला अभ्यर्थी के लिए सारणी में उल्लेखित न्यूनतम प्राप्तांक मानदंड में 5% की छूट देय है अतः निर्धारित मानदंड से 5% कम प्राप्तांक वाली महिला अभ्यर्थी आवेदन करने की पात्र हैं ।
5. अनुसूचित जन जाति क्षेत्र में अवस्थित महाविद्यालयों में न्यूनतम प्राप्तांक मानदंड में 5% की छुट है।
6. सम्बंधित महाविद्यालय के एडमिशन वेब पेज का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें।
7. **यदि आवेदक आवेदन की पात्रता रखता है उसके पश्चात भी यदि उसका आवेदन SUBMIT नहीं हो, तो आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व सम्बंधित महाविद्यालय से संपर्क करें।**